**Need to ensure adequate supply of Urea to farmers in Gujarat-laid**

श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर **(**बनासकांठा**) :** मैं भारत सरकार का ध्यान गुजरात राज्य के विभिन्न जिलों ? विशेषतः बनासकांठा ,अमरेली, सुरेन्द्रनगर, पाटन, वडनगर और ऊँझा ? में किसानों को हो रही यूरिया खाद की गंभीर कमी की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ कि किसानों को खेतों के लिए आवश्यक यूरिया खाद के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ता है, और फिर भी कई बार उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है । कुछ स्थानों पर किसानों से जबरन यूरिया के साथ अन्य खाद खरीदने का दबाव भी डाला जा रहा है, जिससे उनकी लागत और बढ़ जाती है । इसके अतिरिक्त, कई क्षेत्रों में ब्लैक मार्केटिंग और कृत्रिम कमी की शिकायतें भी सामने आई हैं । यूरिया की समय पर आपूर्ति न होने से रबी और खरीफ दोनों फसलों की बुवाई तथा उत्पादकता पर बुरा असर पड़ सकता है, जिससे किसानों की आजीविका संकट में पड़ रही है । अतः मेरी भारत सरकार से यह मांग है कि, गुजरात में यूरिया की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, यूरिया वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाया जाए और ब्लैक मार्केटिंग पर रोक लगाई जाए, जाँच समिति गठित कर यूरिया वितरण में हो रही अनियमितताओं की समीक्षा की जाए तथा संकटग्रस्त जिलों को आपातकालीन खाद आपूर्ति दी जाए ।